संख्या-41/86/2024-71-2099/26/2023

प्रेषक,

श्रीप्रकाश गुप्ता
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संजय गॉधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान,
लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-2 लखनऊ : दिनांक 30 मई, 2024

विषयः- एस0जी0पी0जी0आई0एम0एस0, लखनऊ के सुपर स्पेशियलिटी विभागों एवं सहायक विभागों के लिए शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक के कुल 1152 पदों के सृजन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्रांक-पी0जी0आई0/ईआर/एसीएडी/4002/2023, दिनांक 13.10.2023, पत्रांक-पी0जी0आई0/ईआर/एसीएडी/242/2024, दिनांक 20.01.2024 एवं पत्रांक-पी0जी0आई0/मुख्य चिकि0 अधी0/अधि0/348/2024, दिनांक 06.02.2024 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा एस0जी0पी0जी0आई0एम0एस0, लखनऊ के सुपर स्पेशियलिटी विभागों एवं सहायक विभागों के लिए मानकीकरण के अनुसार शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक के कुल 1152 पदों के सृजन किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आपके उपर्युक्त संदर्भित पत्र दिनांक 13.10.2023, 20.01.2024 एवं 06.02.2024 द्वारा उपलब्ध कराये गए प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरांत संलग्न तालिका में उल्लिखित शैक्षणिक संवर्ग के 667 पद एवं सीनियर रेजीडेंट/जूनियर रेजीडेंट के क्रमशः 210 व 275 अर्थात कुल 1152 पदों का सृजन मानकीकरण के अनुसार किये जाने की स्वीकृति श्री राज्यपाल निम्नलिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन एतद्द्वारा प्रदान करते है:-

<u>शर्तें एवं प्रतिबन्ध</u>

1- उक्त सृजित पदों के विभागवार आवंटन हेतु निदेशक, एस0जी0पी0जी0आई0एम0एस0, लखनऊ को अधिकृत किया जाता है तथा विभागों का आवंटन संस्थान स्तर से कर शासन को शीघ्र अवगत कराया जाएगा। विभाग आवंटन के उपरान्त विभागों में परिवर्तन अनुमन्य नहीं होगा।

2- निदेशक, संस्थान द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि उक्त सृजित होने वाले पद सुसंगत मानकों यथा मानकीकरण सम्बन्धी शासनादेश संख्या-110/2022/96/71-2099/753/2021, दिनांक 05.09.2022 तथा एम0सी0आई0/एन0एम0सी0 मानकों के अनुरूप हैं।

3- नवीन सृजित पदों पर भर्ती की प्रक्रिया तभी प्रारम्भ की जायेगी, जब वास्तविक कार्यात्मक आवश्यकता हो तथा यदि पूर्व में सृजित पद रिक्त हों, तो प्राथमिकता पर पहले उन्हें भरने की कार्यवाही की जाएगी।

4- उक्त पदों पर भर्ती के सम्बन्ध में आरक्षण सम्बन्धी प्राविधानों का नियमानुसार अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

5- उक्त नवीन सृजित पदों के वेतनमान/ भर्ती के स्रोत/ अर्हता आदि के सम्बन्ध में निदेशक, संस्थान स्वयं संतुष्ट हो लेंगे, जिससे भविष्य में कोई विसंगति उत्पन्न न हो।

3- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय एस0जी0पी0जी0आई0 लखनऊ हेतु सुसंगत मद में प्राविधानित बजट के सापेक्ष वहन किया जाएगा।

4- यह आदेश चिकित्सा शिक्षा विभाग के मानकीकरण से संबंधित शासनादेश संख्या-110/2022/96/71-2099/753/2021, दिनांक 05.09.2022 में निर्गत दिशा-निर्देशों के अंतर्गत निर्गत किए जा रहे हैं।

संलग्नक:-यथोक्त।

भवदीय,

30.05.24

(श्रीप्रकाश गुप्ता)
विशेष सचिव।

संख्या एवं दिनांक उपर्युक्तानुसार-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1) अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन।
2) निजी सचिव, मा0 मंत्री/मा0 राज्यमंत्री, चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ0प्र0।
3) महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
4) प्रधान महालेखाकार (सिविल आडिट) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज/लखनऊ।
5) महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ।
6) मुख्य कोषाधिकारी, लखनऊ।
7) वित्त नियंत्रक, एस0जी0पी0जी0आई0एम0एस0, लखनऊ।
8) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/3, वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-3
9) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(ज्ञानेन्द्र कुमार शुक्ल)
अनु सचिव।

शासनादेश संख्या-49/86/2024/71-2099/26/2023, दिनांक 30 मई, 2024 का संलग्नक

एस0जी0पी0जी0आई0एम0एस0, लखनऊ में सुपर स्पेशियलिटी विभागों तथा सहायक विभागों के लिए मानकीकरण दिनांक 05.09.2022 के अनुसार शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक के कुल 1152 नवीन सृजित पदों का विवरण:-

पद	2272 बेड पर मानकीकरण के अनुसार अनुमन्य पद	पूर्व में सृजित पद	नवीन स्वीकृत/ सृजित पद
	ए	बी	सी= (ए- बी)
प्रोफेसर/अतिरिक्त प्रोफेसर	128	56	72
एसोसिएट प्रोफेसर	273	36	237
सहायक प्रोफेसर	645	287	358
टयूटर/डेमोंस्ट्रेटर/सीनियर रेजिडेंटस (गैर-शैक्षणिक)	500	290	210
जूनियर रेजिडेंट (गैर-पीजी) -1yr कार्यकाल	318	43	275*
कुलयोग-	1864	712	1152

*** जूनियर रेजीडेंट(गैर-पीजी) के नवीन सृजित उक्त 275 पदों के सापेक्ष 32 पदों को इमरजेन्सी विभाग में प्रतिनियुक्ति के आधार पर जी0डी0एम0ओ0 (General Duty Medical Officer)/ई0एम0ओ0 की तैनाती किये जाने हेतु आवंटित किया जाता है।**

7 वें वेतनमान के अनुरूप वेतन संरचना

क्रमांक	पद	श्रेणी	वेतन मैट्रिक्स/वेतनमान	पे-लेवल
1	प्रोफेसर	(क)	168900-220400	14A
2	एसोसिएट प्रोफेसर	(क)	138300-209200	13A-1
3	सहायक प्रोफेसर	(क)	101500-167400	12
4	सीनियर रेजिडेंटस		67700	
5	जूनियर रेजिडेंट		56100	

एस0जी0पी0जी0आई0एम0एस0, लखनऊ के सुपर स्पेशियलिटी विभागों एवं सहायक विभागों के लिए शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक संवर्ग के उक्त नवीन सृजित पदों के सापेक्ष तैनात अधिकारियों के भत्ते शासनादेश संख्या-12/2019/264/71-2-2019-पी-38/2017, दिनांक 06 फरवरी, 2019 एवं शासनादेश संख्या-24/2019/556/71-2-2019-के0जी0एम0यू0-14/2018, दिनांक 09 मार्च, 2019 में दी गयी व्यवस्था के अनुरूप होंगे।

(ज्ञानेन्द्र कुमार शुक्ल)
अनु सचिव।